**एक नजर में**

## औद्योगिक भूखण्डों का होगा आवंटन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र, सुनौरा खिरिया, तहसील टीकमगढ़ में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु एक सितंबर 2025 प्रात: 11 बजे से 15 सितंबर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।**

उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क रु. 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त ओवदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करनी होगी।

भूखण्डों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम के प्रवधानों के अनुसार किया जाएगा।नियम, प्रक्रिया एवं रिक्त भूखण्डों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# जनजातीय समुदाय का जीवन बेहतर बनाने अभियान शुरू

**मास्टर ट्रेनर सहित कर्मचारियों का हो रहा लगातार प्रशिक्षण**

**62 आदिवासी बहुल्य ग्रामों को किया गया सम्मिलित**






**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**जिला मुख्यालय पर शासन द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मीडिया प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि आदि कर्मयोगी, विकसित भारत के लिए एक आंदोलन है, जो सेवा, समर्पण और संकल्प से प्रेरित है, जिससे जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन और अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित होगी।**

अभियान का उद्देश्य विकेन्द्रीकृत, सांस्कृतिक रूप से आधारित और प्रतिबद्ध परिवर्तन नेताओं के अभिसरण-आधारित कैडर के माध्यम से जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना है ताकि अंतिम छोर तक योजनाओं एवं सोवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जा सके और 2047 में विकसित भारत का सह-निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग मुकेश पालिवाल सहित संबंधित अधिकारी तथा जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आदिवासी समुदाय के लिये दशकों के निवेश और अनेक योजनाओं के बावजूद, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, जल पहुँच और शासन-प्रशासन में व्यवस्थागत कमियाँ बनी हुई हैं। इन स्थायी चुनौतियों का समाधान करने और अंतिम छोर तक शासन और जन-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए, जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया है जो जनजातीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शासन और सेवा वितरण में आमूलचूल परिवर्तन लाने का मिशन है। जिला स्तर पर तीन दिवसीय डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले चिहित 62 ग्रामों के क्लस्टर बनाकर, प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित करना, जिला, ब्लॉक और गाँव स्तर पर कियान्वयन के लिये प्रत्येक ग्राँच में सिविल सोसाइटी संगठनों की पहचान करना ।

### राज्य आदिवासी कल्याण विभाग करेगा रोडमैप एकीकृत

सहभागी ग्राम परिकल्पना अभ्यास, जहाँ प्रत्येक आदिवासी गाँव विकास संबंधी दृष्टि चित्रों, दृश्य दीवारों और ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित कार्य योजनाओं के माध्यम से अपने भविष्य को अभिव्यक्त करेगा। राज्य आदिवासी कल्याण विभाग इन्हें जिला और राज्य विकास रोडमैप में एकीकृत करेंगे। प्रत्येक जनजातीय गांव में मौजूदा समुदाय के स्वामित्व वाले स्थान का उपयोग करते हुए एक एकल खिड़की उत्तरदायी शासन केंद्र की स्थापना की जायेगी जो सूचना प्रसार, शिकायत निवारण और प्रशासन के साथ इंटरफेस के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष अपने विचार तथा प्रश्नों को रखा गया, जिस पर कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी।

## किन्नर ने निर्वस्त्र होकर मचाया उत्पात



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शहर में मंगलवार की देर रात गांधी चौराहे पर एक किन्नर ने हंगामा मचा दिया। यह घटना कोतवाली थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। सड़क पर निर्वस्त्र होकर करीब 30 मिनट तक हंगामा किया । घटनाक्रम को देखने लोगों का हुजूम लग गया। मौके पर पहुंचे पुलिसबल ने स्थिति पर काबू पाया।**

जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस अपने साथ साड़ी लेकर आई। पुलिस वाहन में बिना वर्दी के आए एक जवान ने किन्नर को साड़ी पहनने के लिए दी। किन्नर ने साड़ी फेंक दी। इसके बाद पुलिस किन्नर के पीछे दौड़ी। किन्नर ने सड़क पर निर्वस्त्र होकर करीब 30 मिनट तक हंगामा किया। जब आसपास के लोग उसे समझाने और कपड़े लेकर उसके पास पहुंचे तो उसने उन पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किन्नर को हिरासत में ले लिया। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के अनुसार आरोपी किन्नर सागर जिले का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि किसी से विवाद होने के बाद उसने यह कृत्य किया। पुलिस ने उसे रात भर कोतवाली में रखा। मामले की जांच जारी है। देर रात गांधी चौराहे पर एक किन्नर ने हंगामा मचा दिया। निर्वस्त्र होकर करीब 30 मिनट तक हंगामा किया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेवाजी की। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी माता के प्रति अपशब्दों के इस्तेमाल के खिलाफ किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत की अगुवाई में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। सिंधी धर्मशाला के पास पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहां कि राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री की माता के लिए अपशब्द बोले गए।सरोज राजपूत ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह कृत्य उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा लाडली बहना योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा रही है वहीं कांग्रेस खुले मंच से महिलाओं का अपमान कर रही है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, वंदना जायसवाल, संध्या सोनी समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। विरोध प्रदर्शन में आशुतोष भट्ट, अश्विनी चढार,अभिषेक खरे, रीतेश भदौरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेवाजी की।

## नगरीय क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के सभी अधिकारियों भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में और नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जाने के निर्देश दिए है।**

कमिश्नर ने कहा है कि श्रम विभाग और भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल द्वारा मजदूरों के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किंतु मजदूरों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण वे शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि विभिन्न प्रचार माध्यमों से श्रम विभाग और भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश सोमवार को श्रम विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा संबल योजना, मजदूरों को साईकिल वितरण योजना, अनुदान पर स्कूटर वितरण योजना की समीक्षा भी की गई।

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के सभी अधिकारियों भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में और नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जाने के निर्देश दिए है।

## धर्म परिवर्तन की धमकी का मामला आया सामने



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव थाना क्षेत्र से एक चाट विक्रेता को धर्म परिवर्तन की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित राकेश साहू ने इसकी सूचना बुधवार को बड़ागांव थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन देकर की है।**

जानकारी के मुताबिक समर्रा गांव के राकेश साहू वर्तमान में बड़ागांव में किराए के मकान में रहते हैं। वह चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि बड़ागांव धसान निवासी रिजवान खान पिछले 6 महीने से धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। मंगलवार को पंप हाउस के पास अजित जैन की दुकान के सामने राकेश ठेला लगाए हुए थे। इसी दौरान रिजवान खान ने दो अन्य युवकों के साथ आकर गाली-गलौज की।

उन्होंने राकेश को धमकी दी कि अगर गांव में रहना है तो मुस्लिम धर्म अपनाना होगा। धर्म परिवर्तन न करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## विधायक ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**टीकमगढ़ विधानसभा में स्थित कुँवरपुरा महावीर विहार में मुख्य मार्ग से जैन मंदिर की ओर 5 लाख रूपए की विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।**

नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं और क्षेत्र की प्रगति के साथ ऐसे विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, संजय नायक , सूर्य प्रकाश मिश्रा लोकसभा प्रत्याशी पंकज अहिरवार, अनीश अहमद,फ रीद खान, नितेश बिलगैया, सरपंच अखिलेश बिदुआ, अजय बिदुआ रोजगार सहायक, वीरेंद्र जैन, विकास कुमार जैन, हेमंत कुमार जैन, धीरज कुमार जैन, मनोज कुमार जैन, ऋतिक कुमार जैन सहित स्थानीय जन एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहें ।

## एसपी कार्यालय में शिकायत कर मांगा न्याय



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**थाना मोहनगढ़ क्षेत्र के कंचनपुरा गांव में एक दलित युवक को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नाम के साथ राजा लिखने पर तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिससे उसका पैर फ्रै क्कर हो गया। घटना मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के कंचनपुरा गांव की है। पीड़ित ने मोहनगढ़ पुलिस पर मामूली धाराओं के तहत मामला दर्ज करने का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय में इस घटनाक्रम की शिकायत आवेदन देकर की है।**

पीड़ित अनुज खंगार मंगलवार को एसपी दफ्तर पहुंचा। उसने बताया कि मैंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अनुज राजा खंगार लिखा था। इससे नाराज होकर 1 अगस्त की रात करीब 10.30 बजे कल्लू सिंह ठाकुर, अमर सिंह ठाकुर और संदीप सिंह ठाकुर ने मेरे साथ मारपीट की। अनुज के मुताबिक तीनों ने मुझे जातिसूचक गालियां दीं और राजा शब्द हटाने के लिए कहा। जब मैंने मना किया तो उन लोगों ने लाठियों से मुझ पर हमला कर दिया। इस हमले में मेरा बायां पैर फ्रैक्कर हो गया है और शरीर पर भी कई चोटें आई हैं। अनुज के मुताबिकए मैंने मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने केवल मारपीट की साधारण धाराओं में मामला दर्ज किया है जबकि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज होना चाहिए। अभी आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं।केस वापस लेने के लिए धमकी दे रहे हैं। समझौता नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने एसपी दफ्तर में एएसपी विक्रम सिंह से मिलकर सख्त कार्यवाही की मांग की है। एएसपी ने पीड़ित को न्याय का भरोसा दिया है।

## जबलपुर से आए कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति

**सिंधी धर्मशाला में 30 वर्षों से रखी जा रही गणेश प्रतिमा**

**कार्यक्रम में विधायक, नपा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष रहे मौजूद**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**
**शहर में इन दिनों गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके चलते सिंधी धर्मशाला मंदिर में भगवान गणेश और उनकी बहन अशोक सुंदरी की प्रतिमा झूले पर विराजमान है। गणेश जी की प्रतिमा हाथों में बांसुरी लिए और सिर पर पगड़ी धारण किए हुए है। इस आयोजन को लेकर बीती रात सिंधी समाज के द्वारा एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जबलपुर से आए कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसीक्रम में छोटी देवी मंदिर के समीप रखी गणेश प्रतिमा के पंडाल में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने धार्मिक भजन सुनाएं।**

बीती रात सिंधी समाज की ओर से गणेश पंडाल के पास भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर से आए भास्कर पुरोहित और यशी चौरसिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। स्थानीय कलाकार विजय लालवानी ने भी भजन गाए। कार्यक्रम में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक, सूर्य प्रकाश मिश्रा एवं नपा के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे उर्फ रानू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सिंधी नवयुवक मंडल के सदस्य हर्ष शुक्लानी ने बताया कि यह परंपरा 30 वर्ष पुरानी है। पहले प्रतिमा झूलेलाल मंदिर में स्थापित की जाती थी। बाद में गली में रखी जाने लगी। इस वर्ष जगह की कमी के कारण सिंधी धर्मशाला में प्रतिमा स्थापित की गई है। आगामी कार्यक्रमों में आज 4 सितंबर को 56 भोग का आयोजन होगा। 5 सितंबर को महा आरती होगी। 6 सितंबर को समाज के साथ प्रतिमा का चल समारोह निकाला जाएगा। छोटी देवी स्थित गणेश पंडाल में भी भजन संध्या का आयोजन किया गया है। शहर में इन दिनों गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके चलते सिंधी धर्मशाला मंदिर में भगवान गणेश और उनकी बहन अशोक सुंदरी की प्रतिमा झूले पर विराजमान है। गणेश जी की प्रतिमा हाथों में बांसुरी लिए और सिर पर पगड़ी धारण किए हुए है। इस आयोजन को लेकर बीती रात सिंधी समाज के द्वारा एक भजन संध्या का आयोजन किया गया।

**समस्या** आठ वर्ष से नहीं हुए वन समिति के चुनाव

# रखरखाव के अभाव में 190 हेक्टेयर मोहनगढ़ की वन भूमि

**नवभारत न्यूज मोहनगढ़।**
**मोहनगढ़ में पर्यावरण को संतुलित रखने एवं बेरोजगारों को रोजगार के उद्देश्य से पौधारोपण और फलदार पौधों के उत्पादन के लिए प्राथमिक प्रक्षेप वानिकी सहकारी समिति मर्यादित मोहनगढ़ द्वारा 190 हैक्टेयर जमीन वृक्षारोपण के लिए वर्ष 1998 में एक समिति गठित कर आवंटित की गई थी। जिसमें वतर्मान समय में बह रख रखाव के अभाव से जूझ रही है। वन समिति की भूमि में लगे हरे भरे पेड़ो की कटाई बेखौफ की जा रही है। ग्रामीण तैयार होकर अपना सही स्वरुप लेने बाले हरे पेड़ो को काट कर वन समित की भूमि पर अवैध अतिक्रमण फैलाते जा रहे है । लोगों ने संबंधित विभाग से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है।**



दरअसल मोहनगढ़ सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि वन समिति से आधा दर्जन गांव लाभान्वित है। लेकिन सात आठ साल से समिति का चुनाव नहीं हुआ है। जिससे लोग वन समिति की अनदेखी का फायदा उठा रहे है और हरे भरे पेड़ो की बलि देकर चारों तरफसे अवैध कब्जा करते जा रहे है। वहीं इस मामले में ग्रामीण कुलदीप पुरोहित से बात की तो उन्होंने बताया कि मोहनगढ़ की प्राथमिक वन समिति अनदेखी का शिकार हो रही है लोगो द्वारा समिति की भूमि से हरे भरे पेड़ काट कर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है और कोई देखने वाला नहीं है। पर्यावरण को संतुलित रखने एवं बेरोजगारों को रोजगार के उद्देश्य से पौधारोपण और फलदार पौधों के उत्पादन के लिए प्राथमिक प्रक्षेप वानिकी सहकारी समिति मर्यादित मोहनगढ़ द्वारा 190 हैक्टेयर जमीन वृक्षारोपण के लिए वर्ष 1998 में एक समिति गठित कर आवंटित की गई थी। जिसमें बतर्मान समय में बह रख रखाव के अभाव से जूझ रही है। वन समिति की भूमि में लगे हरे भरे पेड़ो की कटाई बेखौफ की जा रही है। ग्रामीण तैयार होकर अपना सही स्वरुप लेने बाले हरे पेड़ो को काट कर वन समित की भूमि पर अवैध अतिक्रमण फैलाते जा रहे है।

### तहसीलदार ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

इस मामले को लेकर मोहनगढ़ तहसीलदार रमेशचंद्र परमार से बात की तो उन्होंने बताया कि अभी मुझे इस समिति की जानकारी नहीं है यदि वन समिति जिला कलेक्टर एवं प्रशासन के संरक्षण में है तो में स्वयं हल्का पटवारी के साथ दिखबाता हूँ । उन्होनें अवैध अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## प्राथमिकता के आधार पर करें ऑनबोर्ड

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।**

प्रवेश हेतु नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## असाक्षरों को दिलाई साक्षरता की शपथ




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे के निर्देशन में एक से 8 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है।**

कार्यक्रम के तहत अभी तक जिले में 64 सौ 20 जिले के असाक्षर साथियों को पठन-पाठन के लिए अद्यतन केन्द्र संचालित कर रहे हैं। साथ ही उन्हें साक्षरता की शपथ दिलाई गई।

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके पस्तोर के द्वारा साक्षरता सप्ताह के लिए विस्तृत निर्देश विकासखंड स्त्रोत समन्वयक व विकासखंड साक्षरता समन्वयक को दिये गये। इसके तहत शैक्षणिक संस्थाओं में रैलियों का आयोजन किया जाकर साक्षरता के महत्व को बताया जा रहा है। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता की शपथ दिलाई जा रही है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के साथ-साथ अशासकीय संस्थायें भी स्थानीय स्तर पर सहयोग किया जा रहा है।